Paradip Port

352. Shri Mahanty: Will the Minister of Transport and Communications be pleased to state:

(a) whether leader of the World Bank Mission on Ports, who visited India last November, on the Government of India's invitation, visited Orissa to consider the possibilities of developing Paradip as a port on the Eastern Coast,

(b) if so, whether he has submitted any report to the Government in the matter, and

(c) whether Government will lay a copy of his Report on the Table?

The Minister of State in the Ministry of Transport and Communications (Shri Raj Bahadur): (a) Yes, Sir

(b) Mr Posthuma has not yet submitted his report.

(c) Does not arise

पागलों की चिकित्सा

३५३. { श्री पद्म देव :
श्री स० चं० सामन्त :

क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि भारत में प्रति वर्ष पागलो की सख्या मे वृद्धि हो रही है ,

(ख) क्या यह भी सच है कि उनकी देखभाल व चिकित्सा की कोई उचित व्यवस्था नही है, और

(ग) यदि प्रश्न के उपरोक्त भाग (क) और (ख) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की जा रही है ?

स्वास्थ्य मंत्री (श्री करमरकर) : (क) अभी तक अखिल भारतीय आधार पर कोई सर्वेक्षण नही किया गया है, अत: यह निश्चय पूर्वक नही कहा जा सकता कि पागलो की सख्या में प्रति वर्ष वृद्धि हो रही है अथवा नही ।

(ख) जी हा । भारत के सभी मानसिक रोगियों की देखभाल व चिकित्सा के लिये इस समय व्यवस्था उपलब्ध नही है ।

(ग) यह विषय मुख्यत राज्य सरकारों से सम्बन्ध रखता है । जहा तक भारत सरकार का सम्बन्ध है उसके प्रशासकीय नियन्त्रण में एक ही मानसिक चिकित्सालय है और वह है 'मानसिक रोग चिकित्सालय, राची' । इस अस्पताल की व्यवस्था को, जो पहले एक न्यासी बोर्ड द्वारा की जाती थी, अब १ जून, १९५४ से भारत सरकार ने अपने हाथ में ले लिया है । इस अस्पताल को ठोस आधार पर पुनर्गठित करने तथा मानसिक विकारो की चिकित्सा का एक आदर्श केन्द्र बनाने के अभिप्राय से ही ऐसा किया गया है । इस अस्पताल में बिस्तरो की सख्या ४२० है । ८.२५ लाख रुपये की कीमत पर इस अस्पताल के विकास की एक योजना द्वितीय पचवर्षीय योजना मे सम्मिलित कर दी गई है ।

२ शाहदरा मे एक मानसिक चिकित्सालय के निर्माण की एक योजना द्वितीय पचवर्षीय योजना मे सम्मिलित कर दी गई है ।

३ मानसिक स्वास्थ्य मे अधिस्नातक अध्यापन तथा अनुसधान के लिये भी भारत सरकार ने बगलौर मे एक अखिल भारतीय स्वास्थ्य विज्ञान सस्था स्थापित की है । २६ लाख रुपये की कीमत पर इस सस्था के विस्तार की एक योजना द्वितीय पचवर्षीय योजना में सम्मिलित कर दी गई है और वह क्रियान्वित हो रही है ।